राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने सांसद श्री भोला सिंह के निधन पर शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 19 अक्टूबर 2018

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने बेगूसराय (बिहार) से निर्वाचित लोकसभा सांसद श्री भोला सिंह के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्‌गार में कहा है कि स्व॰ भोला सिंह विद्वान, राष्ट्रवादी और भारतीय संस्कृति के प्रति दृढ़ आस्था रखनेवाले एक लोकप्रिय सांसद थे, जिनके निधन से भारतीय राजनीति, विशेषकर बिहार को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत नेता की आत्मा को चिरशांति तथा शोक–संतप्त पारिवारिक जनों को धैर्य–धारण की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....